आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–29 जनवरी 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- मौनी अमावस्या पर स्नान के लिये लगातार प्रयागराज महाकुंभ पहुंच रहे श्रद्धालु। भारी भीड़ को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की अपील– मां गंगा के जिस घाट के करीब हों, वहीं कर लें स्नान।
- श्रद्धालुओं के जन–सैलाब को देखते हुए विभिन्न अखाड़ों का अमृत स्नान स्थगित। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद ने जनहित में लिया फैसला।
- केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने लखनऊ में सीएसआईआर–आईआईटीआर के हीरक जयंती समारोह का कल किया उद्‌घाटन। कहा– अनुसंधान और नीतिनिर्माण में वैज्ञानिक निभा रहे हैं अहम भूमिका।
- बागपत हादसे की होगी मजिस्ट्रियल जांच धार्मिक आयोजन में कल मंच गिरने और भगदड़ से सात श्रद्धालुओं की हुयी थी मौत।

**********

मौनी अमावस्या पर स्नान करने के लिए करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु प्रयागराज महाकुंभ में पहुंच रहे हैं। सुरक्षा के कड़े प्रबंध के बीच वहां लगातार श्रद्धालुओं का आना जारी है। भारी भीड़ को देखते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपील की है कि श्रद्धालु प्रशासन के निर्देशों का पालन करें। संगम नोज जाने का प्रयास न करें। मां गंगा के जिस घाट के समीप हैं, वहीं पर स्नान करें। उधर, अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद ने भी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वह संगम घाट पहुंचने की बजाय, जहां भी पवित्र गंगा दिखें वहीं पर स्नान कर लें। साथ ही परिषद ने श्रद्धालुओं के जनसैलाब को देखते हुए विभिन्न अखाड़ों के आज होने वाले अमृत स्नान को भी स्थगित कर दिया है। परिषद के अध्यक्ष रविंद्र पुरी ने बताया कि जनहित में आज अखाड़ों द्वारा स्नान न करने का फैसला लिया गया है।

***हमने तुरंत जनहित को देखते हुए निर्णय लिया कि आज का दिन उचित नही है आज हम अखाडे स्नान नही करेगें। मै तो यही जनता से अपील करना चाहूंगा कि आप आज के दिन को छोड़ करके बसंत पंचमी आने वाली है तब स्नान करे और जो श्रद्धालु जिस घाट पर है संगम में जाने का प्रयास न करें। जो प्रयागराज में हैं जहां भी आपको गंगा भी दिखाई देती हैं वहां पर स्नान करेंगे। आप पुण्य के भागी बनेगे।***

प्रशासन की ओर से भी लगातार अपील की जा रही है कि श्रद्धालु जिस सेक्टर से स्नान के लिए आ रहे हैं उसी सेक्टर से वापस जाएं। भारी भीड़ को देखते हुए श्रद्धालुओं के निकासी के लिए वैकल्पिक मार्ग भी बनाए गए हैं।

महाकुंभ के लिए प्रदेश सरकार ने सात–स्तरीय सुरक्षा योजना लागू की है । मेला क्षेत्र को नो व्हीकल और नो वीआईपी जोन घोषित किया गया है। राज्य और केंद्रीय पुलिस, यातायात पुलिस और विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम को आपात स्थिति में श्रद्धालुओं की सहायता के लिए तैनात किया गया है।

मौनी अमावस्या पर वाराणसी और अयोध्या समेत प्रदेश के विभिन्न जिलों के तीर्थ स्थलों और पवित्र नदियो में भी श्रद्धालु आज सुबह से ही स्नान कर पूजा अर्चना कर रहे हैं।

**********

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री चंपत राय ने अयोध्या के स्थानीय लोगों और आसपास के जिलों से आने वाले श्रद्धालुओं से पंद्रह से बीस दिन बाद श्रीरामलला के दर्शन के लिए आने की अपील की है। महाकुंभ से लौटने वाले लाखों श्रद्धालुओं के अयोध्या पहुंचने के कारण होने वाली भारी भीड़ को देखते हुए यह आग्रह किया गया है।

**********

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो ने आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से प्रक्षेपण यान जीएसएलवी एफ पंद्रह के जरिये अपने सौवें मिशन एनवीएस टू नेविगेशन उपग्रह को आज सुबह सफलता पूर्वक लांच कर दिया है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने एक सोशल मीडिया संदेश के जरिए यह जानकारी साझा करते हुए इसरो की पूरी टीम को बधाई दी है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में कल उत्तर प्रदेश एग्रीकल्चर ग्रोथ एंड एंटरप्राइज इकोसिस्टम स्ट्रेंथनिंग–यूपी एग्रीज प्रोजेक्ट का शुभारंभ किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी एग्रीज परियोजना प्रदेश के एक्सपोर्ट की संभावनाओं को आगे ले जाने में मील का पत्थर साबित होगी।

***4000 करोड रुपए की जो प्रोजेक्ट है इसमें से 2737 करोड़ का जो लोन है विश्व बैंक द्वारा और 1166 करोड़ का जो अंशदान है यह राज्य सरकार द्वारा इसमें देने की व्यवस्था की गई है जो यूके एंट्री का जो प्रोजेक्ट का जो मुख्य उद्देश्य है कृषि और जो उससे संबंधित सेक्टर है उनकी कठिनाइयों को चिन्हित करना और मुख्य फसलों की उत्पादकता में एक गुणात्मक वृद्धि हो इस दिशा में एक प्रयास करना प्रदेश के अंदर जो विशिष्ट कृषि उत्पादों के होस्ट हार्वेस्ट मैनेजमेंट और मार्कट सपोर्ट सिस्टम को विकसित करने की कार्रवाई को आगे बढ़ना और जिसे हम अपने अन्नदाता किसानों की आई में वृद्धि कर सकें।***

इस परियोजना के पहले चरण में प्रदेश के 28 जनपद चुने गये हैं। यह प्रोजेक्ट 6 वर्ष का होगा।

**********

केंद्रीय विज्ञान प्रौद्योगिकी और पृथ्वी विज्ञान राज्यमंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने लखनऊ में वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद–भारतीय विष विज्ञान अनुसंधान संस्थान–सीएसआईआर–आईआईटीआर के हीरक जयंती समारोह का कल उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने संस्थान पर आधारित एक डाक टिकट भी जारी किया। समारोह में केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि इस संस्थान की अब तक की यात्रा बेहद गौरवपूर्ण रही है और यह अपनी कार्य प्रणाली से पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि इस संस्थान ने ओडिशा सुपर साइक्लोन, गुजरात भूकंप के अलावा जम्मू–कश्मीर में रहस्यमय मौतों का कारण पता लगाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

***इंस्टिट्यूट है जिसने इतनी श्रेष्ठ हासिल की है न केवल टॉक्सिंस की स्टडी उनका अध्ययन उसका शोध किया जाता है बल्कि समय पर जब कोई इस प्रकार की आपदा का संकट देश को सामना करना पड़ता है तभी किसने नागरिकों के लिए समाज के लिए सहयोग करने का काम किया है और यह मकान हासिल करने के लिए यहां के सभी के सभी वैज्ञानिक विशेषज्ञ में कड़ी मेहनत परिश्रम और निरंत के साथ जैसे मेहनत की है पिछले 50–60 बरस वो अपने में उदाहरणीय है आज इसका इंडस्ट्री टेक्नोलॉज भी है आज यह से स्टार्टअप भी निकल रहे है और आज भी बहुत सारी टेक्नोलॉजी ट्रांसफर की भी घोषणा की है।***

**********

बागपत की जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने कल बड़ौत में हुए हादसे के मजिस्ट्रियल जांच के निर्देश दिये हैं। कल वहां एक धार्मिक आयोजन के दौरान अस्थायी मंच गिरने और उसके बाद मची भगदड़ में सात लोगों की मौत हो गई, जबकि पुलिसकर्मियों समेत करीब पैंतालिस लोग घायल हो गये। इस मामले में मंच तैयार करने वाले ठेकेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया गया है। यह दुर्घटना उस समय हुई जब जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ के निर्वाण लाडू पर्व के अवसर पर श्रद्धालु धार्मिक समारोह में भाग लेने के लिए मंच पर चढ़ रहे थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे का संज्ञान लेते हुए घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। वहीं केंद्रीय राज्यमंत्री जयंत चौधरी ने भी कल अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना।

**********

लखनऊ के इटौजा थानाक्षेत्र में कुर्सी रोड पर इटौंजा महोना मार्ग पर एक अनियंत्रित ट्रक कल कुछ दुकानों और मकानों में घुस गया। इस दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि करीब आधा दर्जन लोग घायल हैं। लखनऊ के पुलिस उपायुक्त उत्तरी गोपाल कृष्ण चौधरी ने बताया कि पुलिस और एसडीआरएफ ने मौके पर राहत और बचाव कार्य किया। वहीं, देवरिया जिले के महुआडीह थाना क्षेत्र के हेतिमपुर के समीप सोमवार की देर रात एक मोटरसाइकिल के ट्रक से टकरा जाने से मोटरसाइकिल पर सवार चार युवकों की मौत हो गई। चारों युवक एक समारोह से लौट रहे थे।

**********

मौसम विज्ञान विभाग ने प्रदेश के तराई वाले इलाकों में आज और कल देर रात एवं सुबह के समय घने कोहरे की संभावना जताई है। आज सुबह गोरखपुर समेत प्रदेश के कई जिलों में देर सुबह तक कोहरा छाया रहा। इससे यातायात प्रभावित हुआ है। विभाग द्वारा जारी दैनिक मौसम पूर्वानुमान बुलेटिन के अनुसार आगामी इकतीस जनवरी से लेकर दो फरवरी तक प्रदेश के कई पश्चिमी जिलों में गरज चमक के साथ हल्की बारिश की संभावना है।

**********